nandgaon times julai-20-2.qxd 7/20/2024 12:00 AM Page 1

आयुक्त ने की राजस्व... पृष्ठ 2 | कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 20 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 278, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## सरकारी जमीन के आवंटन पर साय सरकार का बड़ा फैसला

# पूर्ववर्ती सरकार में जारी सभी परिपत्र निरस्त, डिप्टी सीएम बोले, शिकायत हुई तो जांच भी होगी

**रायपुर.** पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में सरकारी जमीन के आवंटन को लेकर जारी सभी परिपत्रों को साय सरकार ने निरस्त कर दिया है. विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल की बैठक में परिपत्र निरस्त करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई. सरकार के फैसले की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा है कि जमीन आवंटन को लेकर किसी तरह की शिकायत आने पर उसकी जांच कराई जाएगी.

साय सरकार के इस फैसले के अनुसार, निरस्त किए गए प्रपत्रों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन, शासकीय भूमि के आबंटन एवं वार्षिक भू-भाटक के निर्धारण एवं वसूली प्रक्रिया संबंधी 11 सितम्बर 2019 को जारी



परिपत्र, नगरीय क्षेत्रों में प्रदत्त स्थायी पट्टों का भूमिस्वामी हक प्रदान किए जाने संबंधी 26 अक्टूबर 2019 को जारी परिपत्र, नजूल के स्थायी पट्टों की भूमि को भूमिस्वामी हक में परिवर्तित किए जाने के लिए 20 मई 2020 को जारी परिपत्र तथा नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी हक प्रदान करने के संबंध में 24 फरवरी 2024 को जारी परिपत्र शामिल हैं. मंत्रिपरिषद की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इन प्रपत्रों के अंतर्गत जारी जिन लोगों को भूमि आवंटित किया गया था, उनकी जानकारी राजस्व विभाग की वेबसाईट पर भी दी जाएगी. इसके साथ ही इस विषय में कोई भी आपत्ति और शिकायत प्राप्त होने पर संभागीय आयुक्त द्वारा इसकी सुनवाई की जाएगी.

# मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कांधा देकर शहीद के निवास रायपुर-सड्डू के लिए किया रवाना

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज चौथी बटालियन माना पहुंचकर गत दिवस बीजापुर जिले के तर्रेम में माओवादियों द्वारा किये आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए जवान श्री भरत लाल साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर ससम्मान निवास रायपुर के सड्डू के लिए रवाना किया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा कि बीजापुर जिले के तर्रेम में हुए आइईडी ब्लास्ट में हमारे वीर जवानो ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारी सरकार बनते ही हमने माओवादियों के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है और हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। गौरतलब है कि एसटीएफ के शहीद आरक्षक श्री भरत लाल साहू रायपुर जिले के रहने वाले थे। पिछले 17 जुलाई को बीजापुर जिले के तर्रेम में एसटीएफ का बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुआ था। अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गये आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षाबल के दो जवान शहीद और 4 जवान घायल हुए। इस मौके पर वनमंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री मोतीलाल साहू, डीजीपी श्री अशोक जुनेजा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शहीद जवान के परिजन मौजूद थे।

## कमजोर लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करता है जलवायु परिवर्तन: धनखड़

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलवायु न्याय का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह हाशिये के और कमजोर लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। श्री धनखड़ ने यहां च्च्जैव ऊजा: विकसित भारत का मार्गज्ज् विषय पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव जाति के लिए एक अस्तित्व का संकट है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और वनों की कटाई से जलवायु परिवर्तन के कारण ग्रह तबाही के करीब पहुंच गया है।



## प्रधानमंत्री से लॉकहीड मार्टिन के सीईओ ने की भेंट

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉकहीड मार्टिन की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना को साकार करने की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है। लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेक्ले ने कल श्री मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा च्च् लॉकहीडमार्टिन के सीईओ जिम टेक्ले ने श्री मोदी से मुलाकात की। लॉकहीड मार्टिन भारत-अमेरिका एयरोस्पेस और रक्षा औद्योगिक सहयोग का एक प्रमुख साझेदार है। हम 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में इसकी प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं।



## डॉ. रमन के आज और कल राजनांदगांव शहर में अनेक कार्यक्रम

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज शनिवार तथा कल रविवार को शहर में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे आज वृक्षारोपण के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे तथा शहर के विभिन्न निर्माण कार्यो का जहॉ भूमिपूजन करेंगे वही अनेक संपन्न विकास कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 11.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास, शंकर नगर रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 01.00 बजे ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर शहर के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। फिर श्री सिंह दोपहर 02.10 बजे से शाम 05.45 बजे तक विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव रहेंगे फिर वे शाम 06.00 बजे मेडिकल कॉलेज जाकर लायंस क्लब द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। इसी कडी में कल रविवार 21 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे गौरव पथ स्थित ऑडिटोरियम हॉल में जिला भाजपा कार्य समिति की महत्वपूर्ण आयोजित की गई है। यह बैठक दो भागों में होगी, पहले चरण में आने वाले कार्यकर्ताओं का पंजीयन, वंदे मातरम का गान, दीप प्रज्जवलन, स्वागत व अभिनंदन जिला भाजपा अध्यक्ष का स्वागत भाषण, शोक प्रस्ताव, उद्घाटन भाषण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई व प्रस्तावना, मान्यवर राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के मुख्य बिंदुओं का वाचन तथा प्रदेश कार्यसमिति बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव आदि होगा। इसके पश्चात भोजन होगा तथा भोजन पश्चात् दूसरा सत्र प्रारंभ होगा। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि समापन सत्र में स्थानीय निकायों के होने वाले चुनाव पर चर्चा होगी, लोकसभा चुनाव का विश्लेषण प्रस्तुत किया जायेगा तथा भाजपा जिला प्रभारी द्वारा प्रदेश के आगामी कार्यक्रमों व गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण होगा फिर समापन भाषण व राष्ट्रगान के पश्चात् बैठक समाप्त होगी।



### जिला भाजपा कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक 21 को

# राष्ट्रपति ने सेना व नौसेना प्रमुख सहित 31 अधिकारियों को परम विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी सहित 31 वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को शुक्रवार को परम विशिष्ट सेवा पदकों से सम्मानित किया । श्रीमती मुर्मु ने यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह के दूसरे चरण के दौरान सैन्य कर्मियों को विशिष्ट और लेखनिया सेवा के लिए ये पदक के प्रदान किए। उन्होंने सशस्त्र



बलों और भारतीय तटरक्षक बल के 94 कर्मियों को विशिष्ट सेवा अलंकरण भी प्रदान किए। इन अलंकरणों में 31 परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम), चार उत्तम युद्ध सेवा पदक (यूवाईएसएम), दो बार सहित अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम), और 57 एवीएसएम पदक शामिल हैं।हाल ही में सेना प्रमुख और नौसेना प्रमुख नियुक्त किए गए जनरल दिवेदी और एडमिरल त्रिपाठी को भी परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ अनेक गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी से भारतीय विमानन कंपनियों के चेक-इन-सिस्टम ठप्प

**बेंगलुरु।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में शुक्रवार की सुबह गडबड़ी के कारण इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट सहित प्रमुख भारतीय विमानन कंपनियों के चेक-इन सिस्टम ठप हो गये तथा देशभर के एयरपोर्ट्स पर अफरा-तफरी मच गयी। यात्रियों की संख्या के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने बताया कि उसके सिस्टम माइक्रोसॉफ्ट सर्वर की गडबड़ी के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं तथा उनके संपर्क केंद्रों और एयरपोर्ट्स पर प्रतीक्षा समय बढ़ गया है। कंपनी ने हालांकि,यात्रियों को आश्वासन दिया कि उनकी टीम स्थिरता बहाल करने के लिए अथक प्रयास करने के साथ ही इन समस्याओं को तेजी से हल करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट सर्वर के साथ मिलकर काम कर रही है।




# शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक इको-सिस्टम को खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। गृह मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि एमएसी को विभिन्न हितधारकों के बीच सक्रिय और वास्तविक समय पर कार्रवाई योग्य जानकारी साझा करने के लिए एक मंच के रूप में दिन रात काम करना जारी रखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।



# संसद के बजट सत्र में विपक्षी दलों को एक सुर में जवाब देगा एनडीए

**नई दिल्ली।** संसद का आगामी बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और इसके 12 अगस्त तक चलने की संभावना है। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा संसद सत्र है और इसलिए केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और केंद्र सरकार कई स्तरों पर इसे लेकर तैयारी कर रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने पिछले सत्र के दौरान, जो कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला सत्र भी था, जिस अंदाज में सरकार को घेरने की कोशिश की थी और जिस तरह से विपक्ष के कई राजनीतिक दल राहुल गांधी का साथ देते नजर आए, उसे देखते हुए भाजपा और सरकार ने सोमवार से शुरू होने जा रहे सत्र को लेकर काउंटर रणनीति तैयार कर ली है।

बताया जा रहा है कि संसद सत्र के दौरान भाजपा, एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ मिलकर उन तमाम मुद्दों पर एक साझा जवाब तैयार करेगी, जिन मुद्दों को सदन में उठाने की तैयारी विपक्षी दल कर रहे हैं। सरकार के रणनीतिकारों का जोर इस बात पर ज्यादा होगा कि विपक्षी दलों के आरोपों और हमलों का जवाब एनडीए गठबंधन में शामिल सभी दल एक सुर में देते हुए नजर आएं। बता दें कि सोमवार से शुरू होने जा रहे संसद सत्र के दूसरे दिन 23 जुलाई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुबह 11 बजे लोकसभा में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी। सरकार आगामी बजट सत्र के दौरान, केंद्रीय बजट पारित करवाने के साथ ही 5 अन्य विधेयकों - आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक-2024, बॉयलर विधेयक-2024, भारतीय वायुयान विधेयक-2024, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक-2024 और रबड़ (संवर्धन और विकास) विधेयक-2024 भी पारित करवाने का प्रयास करेगी। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र का बजट पेश करना और चर्चा के बाद पारित करवाना भी सरकार के एजेंडे में शामिल है।

# पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग का चातुर्मास समारोह गोवर्धन मठ पुरी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अनंत श्री विभूषित गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास व्रत समारोह आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा 21 जुलाई रविवार से गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ शुभारंभ होगा इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतो से पहुंचे शिष्य एवं भक्त वृंद तथा पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के सदस्यों को पादुका पूजन दर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य सुलभ होगा सर्वप्रथम वेद व्यास पूजन सनातन परंपरा प्राप्त गुरुओं का आचार्यों का पूजन आराधना संपन्न होगा तत्पश्चात पूज्य पाद गुरुदेव भगवान का पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद ग्रहण करने का सौभाग्य भक्तों को सुलभ होगा इस पुनीत अवसर पर गौशाला में गौ माता का पूजन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात पूज्यपाद गुरुदेव की दिव्य अमृतवाणी द्वारा सारगर्भित संदेश प्रसारित होगा 22 एवं 23 जुलाई को पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी का



राष्ट्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम में पूज्यपाद शंकराचार्य जी का दुर्लभ मार्गदर्शन समस्त भक्तों को सुलभ होगा चातुर्मास में प्रतिदिन सत्संग प्रवचन तथा वेद वेदांत उपनिषद का अनुशीलन स्वाध्याय अध्ययन का दिव्य कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न होगा इस अवसर पर सत्संग सेवा एवं संकीर्तन का विभिन्न प्रकल्प संचालित होगा भारत के विभिन्न प्रांतो में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर पूजन आराधना रुद्राभिषेक वृक्षारोपण गौ सेवा प्रसाद वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित हो रहा हैं इसी श्रृंखला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में यह भव्य आयोजन संपन्न होगा तथा भगवत पाद शंकराचार्य जी द्वारा स्थापित दक्षिणा मूर्ति मठ वाराणसी,हरिहर आश्रम वृंदावन, शिव गंगा आश्रम तीर्थराज प्रयाग, मनसा देवी का दिव्य मंदिर प्रांगण बिहार,श्री विमलांबा शक्ति संस्थानम होशियारपुर एवं श्री सुदर्शन संस्थान रायपुर में दिव्य कार्यक्रम आयोजित होगा आप समस्त सनातन धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों से विशेष आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में स: परिवार सम्मिलित होकर गुरु पादुका पूजन कर दिव्य आशीर्वाद ग्रहण करें ।

## बाबा मंदिर में नारायणपुर के देशलहरा के भजनों की प्रस्तुति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय रामदेव बाबा मंदिर में आज रात्रि 8:00 बजे से बाबा रामदेव जी के यशोगान एवं परचों को लेकर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित है। नारायणपुर बस्तर के जाने-माने बाबा भक्त एवं भजन गायक कलाकार ऋषभ देशलहरा अपनी संगीत मंडली के साथ आज रात्रि 8:00 बजे से बाबा रामदेव मंदिर में बाबा रामदेव जी के मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंदिर के पुजारीद्वय शरद एवं कोमल तंवर ने बाबा भक्तों से एवं श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा के भजनों का आनंद उठाएं। तंवरा बंधुओं ने बताया कि बाबा के परंपरागत् राजस्थानी लोकगीतों में शामिल प्रसिद्ध बाबा के गीत खम्मा खम्मा एवं बाबा म्हारो हेलो सुणो जी रामापीर सहित कुछ प्रसिद्ध राजस्थानी बोली में देशलहरा द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति ने उन्हे अच्छी ख्याति दिलाई है।



# आयुक्त ने की राजस्व विभाग की समीक्षा

## शासन द्वारा निर्धारित माहवार वसूली के अनुरूप वसूली करने के दिये कड़े निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व वसूली की वार्डवार जानकारी ली एवं शासन द्वारा निर्धारित माहवार वसूली के अनुरूप सत प्रतिशत वसूली करने के कड़े निर्देश दिये।



आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी ली और शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी को अपने प्रभारित वार्ड की इस वित्तीय वर्ष के कुल मांग एवं वसूली (चालू एवं बकाया सहित पृथक-पृथक) सहित प्रवृष्टि कर वार्डवार पंजी, जिसमें उस वार्ड के सम्पतिकर दाताओं, गैर सम्पतिकर दाताओं एवं जलकर दाताओं की संख्या पृथक-पृथक प्रविष्टि करे तथा नये मकान, फ्लेट व भवन को चिन्हांकित कर डिमांड में लेकर शतप्रतिशत डिमांड का संधारण करने के निर्देश दिये, जिसके आधार पर राजस्व वसूली की जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। इस माह जुलाई में 6.25 प्रतिशत सम्पत्तिकर मे छुट का करदाताओं को लाभ दे, इस संबंध में घर घर जाकर जानकारी देकर सम्पत्तिकर की वसूली करे।आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि प्रतिदिन की गई वसूली को संग्रहण पंजी में तिथीवार पृथक-पृथक इंद्राज करने के साथ-साथ सम्पतिकर, जलकर समेकितकर की वसूली करने सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं करने की स्थिति में एवं बडे बकायादारों को नोटिस जारी कर नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि डिमांड रजिस्टर में इंद्राज डिमांड के हिसाब के वसूली करे। भवन अनुज्ञा एवं जल विभाग से समान्जस्य कर नये मकान की जानकारी एवं नये नल कनेक्शन की जानकारी लेवे तथा उनसे जलकर व सम्पत्तिकर वसूलना सुनिश्चित करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, अटल आवास योजना के किराये वसूली के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों के द्वारा लम्बे समय से दुकान किराया जमा नहीं किये है, उन्हें नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत किराया जमा नहीं करने पर दुकाने सील करे। उन्होंने भवन भूमि के नामांतरण एवं दुकानों के नामांतरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि नामांतरण की कार्यवाही समय सीमा में करना सुनिश्चित करे, ताकि उसके आधार पर किराया वसूला जा सके। शेष दुकानों की नीलामी करना सुनिश्चित करे, जिससे राजस्व आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित न रहे एवं वसूली में ढिलाई न बरते। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, दुकान प्रभारी अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर सहित राजस्व निरीक्षक, समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत ठेकेदारों की ली बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर तथा अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष



में ठेकेदारों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के तहत ओव्हर हेड टैंक निर्माण अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में अब तक ओव्हर हेड टैंक निर्माण के तहत स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों तत्काल प्रारंभ करने के सख्त निर्देश दिए। जो ठेकेदार 15 दिनों के भीतर स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ कर प्रगति नहीं ला जाएंगे, उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें ब्लैक लिस्टेड भी किया जाएगा। उन्होंने इस कार्य के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निरंतर मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है और इसके लिए विभागीय अधिकारी सतत मानिटरिंग करें और कार्यों के प्रारंभ एवं प्रगति के फोटोग्राफ्स भी प्रस्तुत करें। बैठक में बताया गया कि जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत ओव्हर हेड टैंक निर्माण के 18 एजेंसियों द्वारा 30 ओव्हर हेड टैंक का स्वीकृत कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा, विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

## खाद के लिए भटक रहे किसानों को पूर्व सीएम बघेल याद आ रहे - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने अपने एक जारी बयान में कहा कि इन दिनों हो रही मस्त बारिश से किसान गदगद हो रहे हैं और खेतों में पानी रोककर खाद और दवाई का छिड़काव करना शुरू कर दिया है। इस दौर में सेवा सहकारी समितियों में डीएपी यूरिया आदि खाद की किल्लत होने से धान आदि की फसल को पोषक तत्व देने में कठिनाई हो रही है। किसानों को मौजूदा भाजपा सरकार को कोसना पड़ रहा है साथ ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की याद आ रही है। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समितियों में खाद बीज की पर्याप्त व्यवस्था प्रत्येक पंचवर्षीय में हो रही थी। लेकिन भाजपा सरकार में किसानों को पहले साल से तकलीफ होने लगी है आने वाले सालों में और क्या दशा होगी यह तो समय ही बताएगा। श्री साहू ने आगे कहा कि इस बात का पूरा संदेह है कि सोसाइटियों के खाद



भाजपा समर्पित व्यापारियों की दुकानों और उनके गोदाम में चोरी छुपे पहुंच रहे हैं। जिससे वह बड़ी मुनाफाखोरी करके मालामाल हो रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारी भी शायद सत्ता पक्ष के दबाव में आकर छापे की कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। और वहीं भाजपा की सरकार में किसान डीएपी खाद के लिए रोज सोसाइटीयों का चक्कर लगा रहे हैं। परंतु डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। रोपाई का समय है और खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। भाजपा सरकार में बड़े व्यापारियों को खाद उपलब्ध हो जाता है और सोसाइटी में खाद नहीं मिलने से किसान व्यापारी से अधिक दामों में खाद लेने विवश हो जाते हैं। लेकिन आज फिर से भाजपा की सरकार में किसान अपनी किसानी के लिए खाद के लिए भटक रहे हैं। लेकिन किसान इस बात को समझ रहे हैं समय आने पर सत्ता सरकार को सबक सिखाएंगे।

## हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर हॉकी 21 से

### छत्तीसगढ व राजनांदगांव हॉकी का संयुक्त आयोजन, हॉकी मैदान सहित सभी तैयारियां अंतिम चरण में



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ की हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में हॉकी इंडिया द्वारा संचालित वेस्ट जोन जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की स्पर्धा 21 से 28 जुलाई तक संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी मैदान में खेली जाऐगीं प्रतियोगिता में 7 राज्यो की टीमे हिस्सा लेंगी। आयोजन की तैयारियों को आयोजको द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है

छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दिया है गतवर्ष भी वेस्ट जोन हॉकी की बालक बालिकाओं की सब जूनियर व जूनियर स्पर्धा का आयोजन खेल प्रेमियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफलता पूर्वक सम्पन्न होने के चलते इस बार भी हॉकी इंडिया ने इस बहुप्रतिष्ठित हॉकी स्पर्धा की जिम्मेदारी राजनांदगांव को सौंपी है जिसे लेकर हॉकी राजनांदगांव व हॉकी छत्तीसगढ के कार्यकर्ता एवं खिलाडी कडी मेहनत कर रहे है

**स्पर्धा में सात राज्यों की टीमें लेंगीं हिस्सा**

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी मैदान में खेली जाने वाली हॉकी इंडिया दुसरी वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता 21 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित है आयोजन में बालक वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश,हॉकी गुजरात, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी राजस्थान, हॉकी गोवा, एवं मेजबान छत्तीसगढ की टीमो के साथ ही बालिका वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश, हॉकी गुजरात, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी राजस्थान, हॉकी गोवा, दादर नगर हावेली एण्ड दमन एवं डियू हॉकी के अलावा मेजबान छत्तीसगढ की बालिकाएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगीं।

**दिल्ली से आई मशीन टर्फकी हो रही सफाई**

छत्तीसगढ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा सिथेंटिक टर्फहॉकी मैदान राजनांदगांव के साफसफाई के



लिए एडवांस स्पोटर्स टेक्नोलॉजी ओखला नई दिल्ली से आए तकनिकी विशेषज्ञ मशीन के माध्यम से टर्फ की सफाई का कार्य प्रारंभ कर चुके है आयोजन पूर्व टर्फकी सफाई होनी की पूरी संभावना है

**स्टेडियम परिसर को सजाया संवारा जा रहा हैं**

गौरवपथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को आयोजन समिति के द्वारा सजाया संवारा जा रहा है जहां मैदान के चारो ओर ब्राउडिंग बोर्ड का सहारा लिया जा रहा है वंही मैदान के बाहरी हिस्से में रंग बिरंगी रौशनीयां भी अपनी छटा बिखेर रही है।

## 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह दिवस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है। कलेक्टर ने जिले के सभी 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के पालकों से बच्चों के समग्र बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए टीकाकरण सत्र के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में अपने बच्चों को ले जाकर विटामिन ए, आयरन तथा आईएफका सिरप पिलाने की अपील की है। शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में किया गया। उन्होंने बताया कि शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक मंगलवार एवं शुक्रवार को टीकाकरण सत्र के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पिलाई जाएगी। इसके साथ ही 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार 1-1 मिली आयरन की सिरप मितानिन के माध्यम से गृह भ्रमण के दौरान एवं आंगनबाड़ी में पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया कि विटामिन ए के सेवन से शरीर में रोगों से लडने् के क्षमता में वृद्धि होती हैं। आंखों की परत यानी कार्निया सुरक्षित होती है, इससे बाल मृत्यु दर में कमी, दस्त, खसरा एवं आंखों की रोग रतौंधी से बचाव तथा कुपोषण में कमी आती है। विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम के जरिए बाल जीवितता में 20 फीसदी बढ़ोतरी संभव है।

## दो माह में हत्यारे को नहीं तलाश पाई पुलिस, नाराज परिजन और ग्रामीण आज करेंगे थाना घेराव

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम देवारीभाठ में हुये हत्याकांड का मामला एक बार फिर गरमा गया हैं।



दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारे को नहीं तलाश पाई हैं जिसे लेकर अब नाराज परिजन और ग्रामीण आज 20 जुलाई को खैरागढ़ थाना का घेराव करेंगे। पाठकों को बता दे कि बीते 19 मई को ग्राम देवारीभाठ निवासी राजेश्वर वर्मा उर्फउमेश वर्मा की हत्या कर दी गई थी और 2 माह बीतने को हैं लेकिन अब तक पुलिस हत्यारे को पकड़ नहीं पायी हैं।

हत्याकांड की जानकारी के बाद पुलिस जरूर मौके पर पहुंची थी और शव का पंचनामा उपरांत सिविल अस्पताल खैरागढ़ में पोस्टमार्टम भी कराया गया था लेकिन हत्याकांड के इस मामले को पुलिस अब तक नही सुलझा पायी है जबकि पीएम रिपोर्ट में राजेश्वर वर्मा का हत्या की पुष्टि हो चुकी है और पुलिस ने मामले में अपराध भी पंजीबद्ध किया हैं। पूरे मामले को लेकर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया की नाराज ग्रामीणों ने बीते सप्ताह 8 जुलाई को एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया था और ग्रामीणों ने हत्यारे को नहीं ढूंढने पर थाना घेराव व चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। पुलिस द्वारा हत्यारे को नहीं ढूंढ पाने के कारण अब आगामी 20 जुलाई को सुबह 11 ग्रामीण शीतला मंदिर इतवारी बाजार से बख्शी मार्ग होते हुये न्याय पाने ग्रामीण और जनप्रतिनिधि खैरागढ़ थाना का घेराव करेंगे वहीं सांकेतिक चक्का जाम भी करेंगे।

## महापौर के सचिव के खिलाफअपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने कलेक्टर एवं सी.एम.से की की मांग - ओस्तवाल

### एक ही विषय के दो संकल्प पत्र की महापौर की लिखित/मौखिक भूमिका की भी जाँच की जाए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री- राजनांदगांव जिले के कलेक्टर एवं निगम के आयुक्त से यह मांग की है कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव के महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा के द्वारा सफाई ठेके के टेंडर के संकल्प पत्र क्र. 12 में शासन के नियम विरूद्ध दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने का समाचार पत्र राजनांदगांव पत्रिका एवं हरिभूमि समाचार पत्र में जो समाचार प्रकाशित हुआ है और निगम आयुक्त के द्वारा उक्त मामले में मेयर के निज सचिव को नोटिस देकर 2 दिन में जवाब मांगा है उक्त समाचार पत्रों को संज्ञान में लेते हुए शासनहित और जनहित में दोषी महापौर परिषद के सचिव के खिलाफ एवं अन्य दोषियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने की मांग की एवं इस मामले में निगम की महापौर की लिखित/ मौखिक भूमिका के मामले में उनके खिलाफभी



अपराधिक प्रकरण शासन के नियम शर्तो के अनुसार दर्ज करवाया जाए। राजनांदगांव नगर पालिक निगम में 27 वार्ड के ठेके के लिए जो महापौर के निज सचिव ने परिषद के द्वारा पारित संकल्प क्र. 12 में जो छेड़छाड़ कर शासन के नियम विरूद्ध ई.एस.आई.सी. को विलोपित किये जाने का उल्लेख करते हुए अतिरिक्त शब्दों को जोडक़र दूसरा संकल्प तैयार किया जाकर दिनांक 01/07/2024 को महापौर परिषद की बैठक में सफाई ठेके से संबंधित मूल नस्ती में दूसरा संकल्प संलग्न कर जो प्रस्तुत किया गया उस सम्पूर्ण कार्यालयीन मूल नस्ती एवं प्रस्तुत किये गये दोनो संकल्प पत्र की विभागीय जाँच करवाई जाए। कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव के आयुक्त के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जो कार्यालयीन पत्र क्र. 1298/स्था./2024-25 राजनांदगांव दिनांक 09/07/2024 को प्रति श्री संजीव मिश्रा व्याख्याता (सचिव महापौर परिषद) नगर पालिक निगम राजनांदगांव को जारी कारण बताओ सूचना एवं प्रतिलिपि प्रभारी सदस्य नगर पालिक निगम राजनांदगांव को सूचनार्थ जो पत्र बिंदु क्र. 3 जो प्रेषित किया गया है उस कारण बताओ सूचना पत्र में उक्त महापौर परिषद के सचिव के द्वारा अपना जवाब अपने वरिष्ठ अधिकारी निगम आयुक्त के समक्ष लिखित/मौखिक जो प्रस्तुत किया गया है उस संपूर्ण मामले में क्या कार्यवाही की गई है उसकी भी जांच निष्पक्ष करवाकर आम जनता के सामने सार्वजनिक करवाएं ।

**शुभांक**

**2-4-6**

**458-7 226-0**

**भाग्यांक**

**588-1 890-7**

## कलेक्टर ने ली राईस मिलर्स की बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग की समीक्षा की। कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 89 राईस मिलर्स पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग कार्य कराया जा रहा हैं। वर्तमान में जिले के सभी राईस मिलर्स को भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने अनुबंध किया गया है तथा उनके द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर ने उसना एवं अरवा मिलर्स की पृथक-पृथक मिलवार कार्यों की समीक्षा की तथा सभी मिलर्स को निर्धारित समयावधि में कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए। मिलर्स द्वारा चावल जमा कार्य में हमालों की कमी की समस्या से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने इस समस्या के समाधान के लिए भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक एफसीआई में 50994 मीट्रिक टन अरवा चावल एवं 107684 मीट्रिक टन उसना चावल जमा किया जाना शेष है। इसी तरह नागरिक आपूर्ति निगम में कुल 30311 मीट्रिक टन अरवा चाल जमा किया जाना शेष है। जिले में अब तक लगभग 60 प्रतिशत कस्टम मिलिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने शेष 40 प्रतिशत चावल जमा कराने के लिए विभागीय अधिकारी को मानिटिरिंग करने एवं राईस मिलर्स को यथाशीघ्र चावल जमा करने निर्देशित किया। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी श्री रविन्द कुमार सोनी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा जिले के राईस मिलर्स उपस्थित थे।



## डोंगरगांव का नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव का नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ष्टाचार की भेंट गया, गर्मी के दिनों में पीने के पानी की समस्या तो बारिश के समय मे ड्रेनेज



सिस्टम सही नही होने के कारण मामूली बारिश में पूरा हॉस्पिटल जलमग्न हो गया, ड्रेनेज सिस्टम ठीक नही होने के कारण नाली का पूरा गन्दा पानी हॉस्पिटल के अंदर घुस गया, अब हॉस्पिटल स्टाफमरीजों को छोड़ गन्दे पानी को निकालने में लगे हुए है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

कं0/ / प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2024

राजनांदगांव, दिनांक 09/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक........राहुल चावड़ा पिता शशिकांत चावड़ा, निवासी रघुवर मार्ग, केशर नगर, सिद्धि विनायक गणेश मंदिर, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 00039, खसरा नंबर 124/105, रकबा 0.0465 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र / शपथ पत्र / खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 23/07/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

nandgaon times julai-20-2.qxd 7/20/2024 12:01 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) गर्म जल-बैग में जल का उपयोग किया जाता है, क्योंकि*
*2) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन कहाँ किया गया था?*
*3) सुप्रीम कोर्ट की पीठ के फैसले के अनुसार यह किस अनुच्छेद के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग सीधे तलाक की डिक्री देने के लिए कर सकता है?*
*4) भारत में कृषि आय की गणना किस विधि से की जाती है?*
*5) अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष का नाम बताइए जिनका निधन 10 मई 2023 को हो गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) उसका विशिष्ट ऊष्मा ज्यादा है (2) गाजियाबाद (3) अनुच्छेद 142 (4) उत्पादन विधि (5) एआर खलील

# कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की

## निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्य जनसामान्य की बहुप्रतीक्षित मांगों से संबंधित होते हैं, इन निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना चाहिए जिससे इसका लाभ संबंधित क्षेत्रवासियों को समय में मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य जरूरत के आधार पर ही मांग की जाती है और उसे स्वीकृत किया जाता है, विकास कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने से उस क्षेत्र के नागरिकों को उसका लाभ समय पर मिलता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की सूची बनाएं और उसके आधार पर मॉनिटरिंग करें, इससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने ग्राम पंचायतवार चल रहे विकास कार्यों के लिए डायरी संधारित करने और छोटे-बड़े सभी प्रकार के विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने कहा। उन्होंने



अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है उसकी जानकारी साझा करें, जिससे संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों और जिला प्रशासन के माध्यम से दूर किया जाएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए है, उसे शीघ्र प्रारंभ करें और जो कार्य निर्माणाधीन है उसे पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगतिरत कार्य, अप्रारंभ कार्य के आधार पर अधिकारियों से चर्चा कर सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल, आंगनबाड़ी या छात्रावास में अतिरिक्त कक्ष या अन्य निर्माण के लिए स्थान का चिन्हांकन खेल मैदान को छोड़कर करने कहा, जिससे स्कूल, आंगनबाड़ी एवं छात्रावास के बच्चों को खेलने पर्याप्त स्थान मिल सके। कलेक्टर ने बैठक में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत विकास निधि, जनपद पंचायत विकास निधि, लोक शिक्षण मद, सांसद आदर्श ग्राम योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, समग्र शिक्षा एवं स्कूल जतन योजना के कार्य, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, सांसद क्षेत्र विकास निधि, विधायक क्षेत्र विकास निधि एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षकों की कमी दूर करने पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल मिले कलेक्टर से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के साथ जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, सलोनी सरपंच रतन



यादव, खैरा (ब) सरपंच नेमदास साहू, मुरमुंदा सरपंच कल्पना साहू ने शिक्षकों की कमी दूर करने कलेक्टर से मिलकर निवेदन किये। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि क्षेत्र के कई स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों के शिक्षा में प्रभाव पड़ रहा है। कलेक्टर ने जल्द व्यवस्था करने का आश्वासन दिए है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् नेशनल हाइवे के किनारे वृक्षारोपण

**डोंगरगांव।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश भर में शुरू किये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् बीते दिवस नेशनल हाइवे के



किनारे वृहद वृक्षारोपण किया गया। ग्राम पंचायत ओड़ारबांध सरपंच सुनीता साहू, सचिव बेदनाथ उइके तथा हेल्थ वर्कर सरिता तिवारी के विशेष प्रयास से आयोजित उक्त अभियान में ग्रामीणों महिलाओं ने भी अपनी महती भूमिका निभाई। अभियान के तहत् नेशनल हाईवे जीई रोड के किनारे ग्राम टप्पा व ग्राम पंचायत ओड़ारबांध के आश्रित ग्राम मलईबरी में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा कटहल, गुलमोहर, आम सहित अनेक प्रजाति के वृक्ष रोपे गये। साथ ही ग्राम की महिलाओं ने लगाये गये पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी ली। इसके साथ ही शास. प्राथ. शाला तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मलईडबरी में भी वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता मंडावी, राजकुमारी साहू, कामिन साहू, वर्षा निषाद, दुलारी साहू सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

# महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती के नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर कल भक्तो द्वारा किया जायेगा गुरु पूजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रीमतपरमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोणीत ब्रह्मनिष्ठ अनंत श्री विभूषित श्री 1008 आनंद कृष्णधाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष , महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का नगरागमण आज कार द्वारा दोपहर 12:20 बजे हुआ । केशर नगर स्थित श्री कल्याण साहू के निवास के समक्ष अनेक शिष्यों एवम भक्तो ने पूज्य गुरुदेव भगवान का आत्मीय भव्य स्वागत किया। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पूज्य स्वामी जी के आगमन पर शिष्यों ने संस्कारधानी की गरिमा के अनुसार स्वागत अभिनंदन किया। साहू निवास पहुंचने पर सर्वप्रथम मेहरइन बाई साहू ने अपने पुत्र कल्याण साहू एवम बहु भारती साहू के साथ पूज्य गुरुदेव भगवान के चरण पखारकर , विधिविधान से मंत्रोचार के साथ पूजन किया।



उपस्थित शिष्यों ने पुष्प मालाए पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से रानीदान शर्मा, श्याम सुंदर लोहिया, विष्णु प्रसाद लोहिया, चिंताराम साहू, खुबलाल साहू, गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, लक्ष्मण लोहिया, हितेंद्र शर्मा, चंद्रकांत लोहिया, पवन लोहिया, राकेश शर्मा, मनीष लोहिया, पोषण साहू , निरंजन नाथ शर्मा, अशोक शर्मा, अजय लोहिया, मनीष अग्रवाल, चंदा देवी शर्मा, नीता लोहिया, संगीता चंद्रकांत जोशी, भारती कल्याण साहू, सुनीता लोहिया रश्मि अग्रवाल सहित अनेक भक्त उपस्थित थे। पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा 20 जुलाई शनिवार को सुबह 07 बजे गुरु दीक्षा दी जाएगी , पूज्य गुरुदेव भगवान 21 जुलाई रविवार को सुबह 09:00 बजे से श्री अग्रसेन भवन में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे।

# बरसात में रोड में भरा पानी, मुहल्लेवासी हो रहे परेशान

## समस्या हल करने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगांव।** लगभग 64 लाख रू. की लागत से कॉलेज रोड में निर्मित नाली बारिश में भी अनुपयोगी साबित हो रही है। निर्माण में मानिटरिंग के अभाव तथा मनमानेपूर्ण निर्माण से कॉलेज रोड जलमग्न हो रहा है और वहां पर घुटनों तक पानी भर रहा है। इससे कॉलेज आने जाने वाले विद्यार्थी परेशान तो हैं ही, मुहल्लेवासियों को भी नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर आज बड़ी संख्या में मुहल्लेवासी अपना दुखड़ा सुनाने एसडीएम कार्यालय पहुंचे, लेकिन एसडीएम के अन्यत्र प्रवास में रहने पर नायब तहसीलदार झरना राजपूत को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में नागरिकों ने सीधे नाली निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि नाली निर्माण के बावजूद सडक़ पर घुटनों तक पानी भर रहा है। जल भराव के कारण रोड के गड्ढे आदि नहीं दिखने के कारण रोज ब रोड वाहन चालक और पैदल चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। मुहल्लेवासियों का भी इस मार्ग पर आना जाना मुश्किल हो रहा है। इसी मार्ग से रोजाना सैंकड़ों की संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी आवाजाही करते हैं। बारिश में उनको भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दुपहिया या चारपहिया वाहन के आवागमन से व रोड में पानी भरे होने के कारण विद्यार्थियों के कपड़े रोज गंदे हो रहे हैं। इसके पीछे एकमात्र उक्त नाली निर्माण है, जो ठेकेदार की अदूरदर्शिता और नगरीय निकाय की लापरवाही के कारण रोड से एक फीट ऊंचा बना दिया गया है। जिसके कारण रोड का पानी नाली में होकर नहीं बह पा रहा है। नागरिकों ने जल्द से जल्द इस समस्या से निजात दिलाने की मांग शासन प्रशासन से की है, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पार्षद सिद्धिक बडगुजर, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन,, मुकेश पांड़े, छोटू वैष्णव, महेश्वरी गंजीर, मंजरी वैष्णव, ईशकुमारी पटेल मोतिम बाई, रमेश साहू सहित अन्य शामिल थे।

# सर्वेश्वरदास आत्मानंद स्कूल के प्राचार्या के लेकर विवाद गहराया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बिना प्राचार्य के संचालित हो रहे सर्वेश्वदास आत्मानंद स्कूल में कलेक्टर की अध्यक्षता वाली स्थानीय समिति के द्वारा अब तक तीन लोगों को प्राचार्य बनाया जा चुका है, जिसमें से दो वापस रवाना हो गए और अब जिसे प्राचार्य बनाया गया है, वह पहले ही दो स्कूलों की प्राचार्या है, जिसको लेकर विवाद गहरा गया है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने दस्तावेजी साक्ष्य के साथ कलेक्टर को एक बंद लिफाफे में जो लिखित शिकायत की गई है, उसके अनुसार डीपीआई द्वारा जारी प्राचार्यो ई-संवर्ग की वरिष्ठता सूची में श्रीमती रश्मि सिंह कि पोस्टिंग हाई स्कूल बुद्धुभरदा, विकासखंड डोंगरगढ़ व जिला राजनांदगांव बताया जा रहा है, जबकि इनका वेतन विगत कई वर्षो से मासूल हाई स्कूल विकासखंड व जिला राजनांदगांव से निकल रहा है, वहीं वर्तमान में उन्हे कलेक्टर एवं डीईओ राजनांदगांव द्वारा सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिला राजनांदगांव का प्राचार्य बना दिया गया है, इतना ही नहीं यह प्राचार्या विगत पंद्रह वर्षो से साक्षरता मिशन जिला राजनांदगांव में संलग्न है, जिस योजना को केन्द्र सरकार ने पहले ही कई वर्ष से बंद कर चुकी है। श्री पॉल ने बताया है कि, मंत्री परिषद का बैठक दिनांक



13.05.2020 में निर्णय लिया गया था कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्राचार्या की नियुक्ति राज्य सरकार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जावेगा, इस संबंध में अनेको बार स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा लिखित में समस्त कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियों को यह जानकारी दिया जाता रहा है कि प्राचार्य की नियुक्ति स्कूल शिक्षा विभाग ही करेगा, बावजूद इसके कलेक्टर एवं डीईओ राजनांदगांव द्वारा रश्मि सिंह को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिला राजनांदगांव का प्राचार्य बना दिया गया है। श्री पॉल का कहना है कि यह प्राचार्या विगत पंद्रह वर्षो से किसी भी स्कूल में कभी पढ़ाने गई ही नहीं, बावजूद इसके इनके खाते में प्रतिमाह वेतन हस्तांतरण किया जा रहा है। इनका डीडीओ भैंसातरा उ.मा. शाला, विकासखंड व जिला राजनांदगांव है, जो इनका वेतन बना रहा है। श्री पॉल ने कलेक्टर से यह मांग की है, रश्मि सिंह का वेतन बनाने वाला डीडीओ, किस उपस्थिति पत्रक देखकर इतने वर्षो से इनका वेतन बना रहा है, इसकी गंभीरता से जांच किया जाना उचित होगा, क्योंकि यह भारी वित्तीय अनियमितता का मामला है और यह संगठित अपराध है, जो जानबूझकर सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है।

## धर्म समाचार....

# अपने सतीत्व के प्रताप से अनुसुइया ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश को बना दिया था बालक

ऋषि अत्रि की पत्नी अनुसुइया पांच पतिव्रता नारियों में गिनी जाती हैं। अन्य पतिव्रता नारी द्रौपदी सुलक्षणा सावित्री और मंदोदरी हैं। अनुसुइया का वर्णन रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों में भी मिलता है। आज हम आपको अनुसुइया की एक ऐसी दिव्य कथा बताने जा रहे हैं जिसमें उन्होंने ब्रह्मा विष्णु और महेश को अपने सतीत्व के प्रताप से बालक बना दिया था। हिंदू धार्मिक ग्रंथों में कई पौराणिक कथाएं मिलती हैं, जो हैरान करने के साथ-साथ कुछ-न-कुछ संकेत भी देती हैं। ऐसी ही एक कथा माता अनुसुइया से भी जुड़ी हुई है, जो उनके सतीत्व के प्रताप को बताती है। तो चलिए जानते हैं वह दिव्य कथा।

**नारद जी ने किया गुणगान**

पौराणिक कथा के अनुसार, माता अनुसुइया अपने सतीत्व को लेकर काफी विख्यात थीं। एक बार नारद जी लक्ष्मी सरस्वती और पार्वती जी के पास पहुंचे और उन तीनों के सामने पतिव्रता अनुसुइया का गुणगान करने लगे। यह सुनकर तीनों देवियों के मन में अनुसूइया के प्रति ईर्ष्या पैदा हो गई। तब उन तीनों ने अनुसुइया की परीक्षा लेने के लिए अपने पतियों यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश से कहा। बहुत जिद करने के बाद वह तीनों



अनुसुइया की परीक्षा लेने के लिए मान गए।

**त्रिदेव ने रखी ये शर्त**

एक बार जब ऋषि अत्रि आश्रम से बाहर गए थे, तब वह तीनों भिक्षुक के भेष में अनुसुइया के पास पहुंचे। अनुसुइया ने उन्हें सत्कार के लिए आमंत्रित किया, लेकिन उन्होंने अनुसुइया के सामने एक शर्त रख दी। जिसके अनुसार, जब वह बिना वस्त्र के उन तीनों का स्वकार करेंगी तभी वह उनकी भिक्षा स्वीकार करेंगे। तब माता अनुसुइया सोच में पड़ गई कि अब वह क्या करें। थोड़ी देर के बाद उन्होंने तीनों देवों से कहा जैसी आपकी इच्छा और यह कहते हुए उन्होंने तीनों पर जल छिड़ककर उन्हें 6-6 माह के बालक में बदल दिया।

**तीनों देवियों को सताने लगी चिंता**

इसके बाद उन्होंने तीनों को बारी-बारी दूध पिलाया और इसके बाद उन्हें पालने में सुला दिया। तीनों बालकों को देखकर अनुसुइया का मातृत्व भाव झलकने लगा। जब पार्वती, लक्ष्मी और सरस्वती ने यह देखा कि तीनों लोगों के शासक बालक बन गए हैं, तो उन्हें चिंता सताने लगी।

तब वह तीनों नारद जी के साथ अनुसुइया के पास पहुंची, और उनसे कहने लगी किं कृपया हमारे पतियों को हमें वापस सौंप दीजिए। तब अनुसुइया कहती है कि अपने-अपने पतियों को पहचान कर ले जाओ। लेकिन तीनों अपने-अपने पति को पहचानने में असमर्थ थीं। तब वह अनुसूया से क्षमा याचना करती हैं और तीनों देवों को पुनः उसी रूप में लाने की प्रार्थना करने लगती हैं। तब अनुसुइया बालक रूपी त्रिदेवों पर जल छिड़ककर उन्हें पूर्व रूप प्रदान कर देती हैं।

## पितृ दोष से मिलेगी राहत, हर काम की रुकावट होगी दूर, आषाढ़ पूर्णिमा के दिन करें ये उपाय

आषाढ़ पूर्णिमा हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। इस साल यह 21 जुलाई को मनाई जाएगी। यह दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ मां लक्ष्मी की पूजा के लिए समर्पित है। वहीं इस शुभ दिन पर लोग कई ज्योतिष उपाय करते हैं जिन्हें करने से जीवन की सभी परेशानियों का अंत होता है। आषाढ़ पूर्णिमा हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस शुभ दिन पर जातक भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और उनके लिए उपवास रखते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन धार्मिक कार्य करने से उसका दोगुना फल प्राप्त होता है। इसलिए हर किसी को पूजा-पाठ पर जोर देना चाहिए। आषाढ़ पूर्णिमा के दिन चंद्रोदय के बाद पानी में कच्चा दूध, थोड़ा पानी और सफेद फूल



डालकर अर्घ्य दें। इसके बाद चौमुखी दीपक जलाएं। फिर पितृ स्तोत्र का पाठ करें। इस उपाय को करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलेगी। साथ ही पितृ दोष से छुटकारा मिलेगा। आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि पर अपने घर पर पितरों के लिए भोजन तैयार करें। इसके बाद उनके नाम से भोजन निकालें और उनका तर्पण करें। फिर उसका कुछ अंश गाय, कुत्ता और कौए आदि को खिलाएं। ऐसा करने से पितरों की कृपा प्राप्त होती है और सभी प्रकार के रोग-दोष से छुटकारा मिलता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल आषाढ़ मा ?ह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 20 जुलाई, 2024 दिन शनिवार को शाम 05 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 21 जुलाई,2024 दिन रविवार को दोपहर 3 बजकर 46 मिनट पर होगा। पंचांग के आधार पर इस बार आषाढ़ पूर्णिमा 21 जुलाई को मनाई जाएगी।

nandgaon times julai-20-2.qxd 7/20/2024 12:01 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# सावन माह के हर सोमवार को निकलेगी पालकी यात्रा

## स्थानीय कलाकारों को देंगे प्राथमिकता, शिव भक्तों की सादगी, पालकी यात्रा में नहीं बजेगा डीजे, कुल 13 पालकी यात्रा होंगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन के पवित्र माह में संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में हर सोमवार निकाली जाने वाली श्री महाकाल की पालकी यात्रा में अब से कानफोड़ डीजे साउंड नहीं बजाया जाएगा। इसके स्थान पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने पारंपरिक व लोककला को प्राथमिकता दी जाएगी। रामाधीन मार्ग स्थित महेश्वरी भवन में यात्रा को लेकर गुरुवार को महाकाल भक्तों की हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय किया गया। इसमें यात्रा की रूपरेखा तय की गई। इस वर्ष महाकाल भक्त सेना द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 13 पालकी यात्रा निकाली जाएगी। संस्कारधानी नगरी की पहचान बनती जा रही महाकाल पालकी यात्रा को लेकर इस बार भी भक्तों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। भगवान शिव की आस्था व श्रद्धा वाला पवित्र महीना सावन 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। पहला ही दिन सोमवार पड़ रहा है। महीने में कुल पांच सोमवार पड़ रहे हैं। हर सोमवार को शहर के अलग-अलग हिस्से से भक्तों द्वारा श्री महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। मोतीपुर तथा ग्राम पेटेश्री, बोदेला के लोगों के विशेष आग्रह पर यहां से भी पालकी यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि डीजे के बजाय यात्रा में स्थानीय कलाकारों को ही प्रोत्साहित किया जाएगा। बैंड, धुमाल के बजाय छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक कला की प्रस्तुति दी जाएगी।

**सूर्यास्त से पहले होगा यात्रा का समापन**

बैठक में महाकाल भक्तों ने सुझाव दिया कि प्रति सोमवार को यह यात्रा तय समय पर निकाली जाए। इसके लिए सभी से समय पर



तय स्थान पर पहुंचने का आग्रह किया गया। तय किया गया कि सूर्यास्त के पहले यात्रा को संपन्न करने का प्रयास किया जाएगा। लेटलतीफी के कारण कई तरह की होने वाली असुविधा से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया। ताकि अधिक से अधिक भक्त इसमें सहभागी बन सकें। सांसद संतोष पांडेय की बहन संगीता शुक्ला समेत महिलाएं और बालिकाएं भी बैठक में शामिल हुई। इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और आरएसएस के भी सदस्य पहुंचे थे।

**यहां भी निकलेगी यात्रा**

श्री महाकाल पालकी यात्रा संस्कारधानी के साथ धर्मनगरी डोंगरगढ़ व संगीतनगरी खैरागढ़ एवम् डोंगरगांव में भी निकाली जाएगी। डोंगरगढ़ में 27 जुलाई, खैरागढ़ में तीन अगस्त, 10 अगस्त को डोंगरगांव तथा 31 जुलाई को ग्राम पंचायत रानीतराई महाराजपुर से पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा मोतीपुर तथा ग्राम पेटेश्री, बोदेला के लोगों के विशेष आग्रह पर यहां से भी पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

**शहर में यहां से निकलेगी महाकाल यात्रा**

22 जुलाई को नंदई हाट बाजार से, 29 जुलाई क्लब चौक बसंतपुर से, 5 अगस्त को पुराना ढाबा से, 12 अगस्त को सिंगदई से, 19 अगस्त को नगर भ्रमण, बैठक में महाकाल भक्त नीलू शर्मा, पवन डागा, कोमल सिंह राजपूत, घनश्याम अग्रवाल, अशोक लोहिया, आवतराम तेजवानी, लक्ष्मण लोहिया, राजा मखीजा, किशन यदु, मानव देशमुख, तथागत पांडे, मनोज बैद, सूरज बुद्धदेव, राजेश जैन, विजय हरिहारनो, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल आदि ने अपने सुझाव रखे। बैठक में बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित हो अपने विचार प्रगट किए। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा के प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## हरियर राजनांदगांव के लिये कलेक्टर अग्रवाल ने बंगला में लगाये नीम व बेल के पौधे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर को प्रदुषण मुक्त करने तथा चलव बनाबो हरियल राजनांदगांव की परिकल्पना को सकार करने



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मोहला मानपुर के पुलिस अधीक्षक श्री वाय.पी.सिंह तथा निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के साथ आज अपने बंगले में पौधरोपण किये। पौधरोपण के तहत उन्होंने नीम एवं बेल के पौधे लगाये। पौधरोपण कर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अपील करते हुये कहा कि पौधे लगाने के साथ साथ उसका संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है, तभी पौधे पेड़ का रूप लेगे। उन्होंने कहा कि चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव की परिकल्पना के साथ राजनांदगांव जिले में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी प्रकार एक पेड़ मॉ के नाम शासन की सोच को सकार करने लोगों में उत्साह है और जिले भर में अपनी माता एवं परिवार के नाम लोग पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा के लिये शपथ ले रहे है। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि गत 3-4 वर्षो से नगर निगम द्वारा शहर में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है, इस वर्ष भी सभी वार्डो में स्थान चयन कर पौध रोपण किया जा रहा है। गत वर्ष निगम द्वारा किये गये पौध रोपण का अच्छी तरह से देख-भाल कर रहे है, जिससे अधिकांश पौधे वृक्ष का आकार ले लिये है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने घर एवं संस्थान के सामने लगे वृक्ष की देख-भाल व सुरक्षा करेगा तो हमारा शहर हरा-भरा हो जायेगा।

## विभिन्न कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु 26 जुलाई तक पंजीयन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला प्रशासन द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 3 माह से 4 माह की अवधि का गैर-आवासीय एवं आवासी प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण का संचालन जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सोमनी-सांकरा राजनांदगांव में किया जाएगा। इसके अंतर्गत कम्प्यूटर, सिलाई, प्लम्बर, जरदोशी (हैण्ड इम्ब्रॉयडी) इत्यादि कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 26 जुलाई 2204 तक जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

## विशिष्ट दिव्यांगता के आंकलन के लिए जारी नए दिशा-निर्देश विषय पर दी गई जानकारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सीआरसी राजनांदगांव द्वारा विशिष्ट दिव्यांगता के आकलन के लिए जारी नए दिशा-निर्देश विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन सीआरई कार्यक्रम का आयोजन



किया गया। कार्यक्रम में निदेशक सीआरसी श्रीमती स्मिता महोबिया द्वारा विशिष्ट दिव्यांगता के आकलन के लिए जारी नए दिशा-निर्देश विषय के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में व्यावसायिक चिकित्सक श्रीमती स्वेता श्रोती, नैदानिक सहायक श्रीमती पूनम, पुनर्वास मनोवैज्ञानिक श्री दीपक बंसोड़, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सार्थक बाफ्ना, सहायक प्रोफेसर नैदानिक मनोविज्ञान श्री प्रशांत मेश्राम ने व्याख्यान दिए। ऑनलाईन सीआरई कार्यक्रम में 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## अवैध शराब बिक्री करने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अवैध शराब की बिक्री करने वाले युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 30 नग देशी पौवा शराब कीमती 1440रु बिक्री रकम 2700रु जुमला 630 रुपया जप्त किया। एसपी त्रिलोक बंसल एवं एडिशनल एसपी नेहा पांडे, एसडीओपी लालचंद मोहल्ले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मोरजध्वज एवं साईबर सेल प्रभारी टैलैश सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र मे अवैध शराब एवं जुआ, सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 17 जुलाई को थाना खैरागढ़ पुलिस व्दारा अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचियों के विरुद्ध अभियान के तहत अधिक मात्रा में अवैध शराब बिक्री करने के लिये धरमपुरा शराब भट्ठी के सामने नरेंद्र सोनी के काम्प्लेक्स के पास अवैध शराब रखने के सूचना पर थाना



खैरागढ़ पुलिस व्दारा टीम बनाकर मौके पर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही में आरोपी लोकेश ढीमर पिता अशोक ढीमर उम्र 20 साल निवासी वार्ड न.6 कुम्हारपारा खैरागढ को अवैध शराब बिक्री के लिये रखे पकड़ा गया जिसके कब्जे से 30 पौवा शोले देशी प्लेन शराब मात्रा 5.400 एमएल शराब कीमती 2700 रुपये एवं बिक्री रकम 630 रूपये जुमला 3330 रुपये को जप्त किया गया। आरोपी लोकेश ढीमर से शराब रखने व बिक्री करने के संबंध में वैद लाइसेंस की मांग की गई जिससे आरोपी व्दारा किसी प्रकार का वैध लाइसेंस न होने लिखकर देने पर आरोपियों से पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् नेशनल हाइवे के किनारे वृक्षारोपण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश भर में शुरू किये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् बीते दिवस नेशनल हाइवे के किनारे वृहद वृक्षारोपण किया गया। ग्राम पंचायत ओड़ारबांध सरपंच श्रीमती सुनीता साहू, सचिव बेदनाथ उइके तथा हेल्थ वर्कर सरिता तिवारी के विशेष प्रयास से आयोजित उक्त अभियान में ग्रामीणों महिलाओं ने भी अपनी महती भूमिका निभाई। अभियान के तहत् नेशनल हाईवे जीई रोड के किनारे ग्राम टप्पा व ग्राम पंचायत ओड़ारबांध के आश्रित ग्राम मलईबरी में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान



महिलाओं द्वारा कटहल, गुलमोहर, आम सहित अनेक प्रजाति के वृक्ष रोपे गये। साथ ही ग्राम की महिलाओं ने लगाये गये पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी ली। इसके साथ ही शास. प्राथ. शाला तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मलईडबरी में भी वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता मंडावी, राजकुमारी साहू, कामिन साहू, वर्षा निषाद, दुलारी साहू सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

## नगर के गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने नगर से अतिक्रमण हटाने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अतिक्रमण हटाने के लिये ज्ञापन



सौंपा। इसमें मांग की है कि शहर मे स्थित बख्शी मार्ग लाईन जो कि मस्जिद चौक से लेकर ईतवारी बाजार, बख्शी प्रवेश द्वार तक व्यापारियों एवं अन्य मकान मालिको के द्वारा मकान एवं दुकान की सीमा से बाहर निकले टीन सेट, मकान से बाहर निकाली गई स्थाई सीढ़ीया, एवं कालम सिस्टम छज्जा निकाला गया हैं। शहर में होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजनो में निकलने वाली रैलीयों को निकलने में इन सकरा गलियों में परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। तथा पिछले वर्ष भी गणेश विसर्जन की झांकी को सकरा गलियों के कारण वापस होना पड़ा था। जिसे झांकी निकालने वाले को निराश होना पड़ा था। इस वर्ष भी नगर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर के विभिन्न वार्ड से भव्य झांकीयों को इन्ही मार्गो से निकालना हैं। जिसे ध्यान में रखते हुये अतिक्रमण को हटाया जाये। जिसके लिये मुख्य नगर पलिका अधिकारी को समस्त समिति द्वारा ज्ञापन सौपा गया है।

## हैदराबाद-रायपुर परियोजना के डीपीआर को बंद करने की दी गई सूचना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण के आदेशानुसार भारतमाला परियोजना अंतर्गत हैदराबाद-रायपुर परियोजना के डीपीआर को बंद करने की सूचना दी गई है। भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण के आदेशानुसार राजनांदगांव जिले के छुरिया तहसील के 18 ग्रामों, डोंगरगांव तहसील के 14 ग्रामों तथा राजनांदगांव तहसील के 17 ग्रामों में भूमि बटांकन, व्यपवर्तन (व्यवसायिक परिवर्तन व गैर कृषि परिवर्तन) तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश को आगामी आदेश पर्यन्त शिथिल किया गया है।

# अधिकारी की कमजोरी जनप्रतिनिधियों की कमीशनखोरी से त्रस्त नगरवासी

## छुरिया नगर के मुख्य सड़क में लगी स्ट्रीट लाईट महीनों से बंद



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के मुख्य सड़क में लगी स्ट्रीट लाईट में कुछ लाईट पिछले कुछ महीनों से बंद हो गई हैं। जिन्हें सुधारने की पुरजोर कोशिश नगर के नागरिकों द्वारा मौखिक रूप से नगर पंचायत में की जा चुकी है लेकिन समस्या अभी भी जहां के तहां बनी हुई है। कोई सुधार नहीं है। नगर पंचायत के इस अड़ियल रवैये से और नगर पंचायत की नाकामी से नाराज हैं नगर के नागरिक अब तो नागरिकों में इस बात को लेकर रोष है और उन्होंने नगर पंचायत में इसकी शिकायत करना भी बंद कर दिया है। क्योंकि इसमें सबसे ज्यादा कमजोरी कहें या लापरवाह अधिकारी नगर के लिए उनका कार्य समझ से परे है वहीं नगर में 15 पार्षदों की भूमिका भी संदेह के घेरे में लोगों का कहना है नगर का विकास केवल कमीशन खोरी के चलते भेंट चढ़ रही है। जैसे कि 100 दुकानों का मामला हो या नगर में लगे स्ट्रीट लाइट की। वहीं जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब नगर पंचायत के अधिकारी गण हमारी समस्या को सुनने के लिये ही तैयार नहीं हैं तो बार बार शिकायत करने और अपना समय बर्बाद करने से क्या फायदा। नगर के लोगों को ये बात जरा भी समझ में नहीं आ रही कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है।

**स्ट्रीट लाईट बंद होने से परेशानी**

स्ट्रीट लाईट का उपयोग रात्रि में होता है और उसी समय बीच बीच की लाईट बंद हैं जिससे भरपूर उजाला नहीं मिल पाता है। जिसके कारण कोई भी अनहोनी का खतरा बढ़ जाता है। एक तो लाईट कम और ऊपर से सड़क पर बैठे गाय बैल और आवारा कुत्तों के कारण दुर्घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। रात को ही माल वाहक, जेसीबी, और अनेक वाहन नगर के इस मार्ग से गुजरते हैं तो अंधेरा होने पर संभावित खतरा और भी बढ़ जाता है।

**नगर पंचायत को बिना देर किये करना चाहिये ये काम**



नगर पंचायत का बंटाधार कर रहे स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी के कमिशन खोरी के चलते नगर में उजाला होते हो गया अंधेरा?

स्ट्रीट लाईट को सुधारने का काम नगर पंचायत को बिना देर किये करना चाहिये और नागरिकों की परेशानियों को दूर करने का पुख्ता प्रबंध किया जाना चाहिये। चूंकि स्ट्रीट लाईट का उपयोग रात को ही होता है यदि रात में लाईट न जले तो उसका क्या लाभ होगा अब समस्या ये है कि क्यों नहीं हो पा रहा है सुधार एक बात तो यह समझ में आती है कि नगर पंचायत सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलता है उसके बाद वहां के सभी अधिकारी कर्मचारी अपने घर चले जाते हैं जबकि स्ट्रीट लाईट शाम 6 बजे के बाद ही जलती है उस कारण से अधिकारी कर्मचारी को इस बात का पता ही नहीं चल पाता कि क्या समस्या है या जानबूझकर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**पशु पालकों से विनम्र अनुरोध**

नगर के सभी पशु पालकों से विनम्र अनुरोध है कि अपने सभी पालतु जानवरों को रात में खुला ना छोड़ें उन्हें शाम को और रात को अपने अपने घरों में बांध कर रखें पशु एक अच्छा और पुण्य का काम हो सकता है लेकिन उन्हें इस प्रकार से खुला छोड़कर उनके साथ होने वाली दुर्घटना से जान माल का खतरा और उनके विकलांग होने से पहुंचने वाले मानसिक दुख और पीड़ा से बचा जा सकता है।

**कितनी जल्दी स्ट्रीट लाईट चालू होगी**

नगर पंचायत अधिकारी गण से इस समाचार के माध्यम से निवेदन किया जा रहा तो कितनी जल्दी स्ट्रीट लाईट चालू होगी यही आशा करते हैं नगर के सभी नागरिक गण।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com